




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे


# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 251 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 25 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया




## नाकोड़ा कॉम्प्लेक्स की छत गिरी

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के नेहरु बस स्टैंड पर स्थित नाकोड़ा काम्प्लेक्स की छत गिर गई। जिससे एक बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। अन्यथा जनहानी की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता था।

बता दें कि इसके अलावा अभी भी छत का एक बड़ा हिस्सा लटका हुआ है। जो कभी भी नीचे गिर सकता है। गौरतलब है कि नाकोड़ा कॉम्प्लेक्स में कई दुकानें है। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही लगी रहती है। यह हादसा सुबह के समय हुआ था।

### स्वास्थ्य सेवा

# भवन-संसाधनों पर एक अरब खर्च

## 150 स्वास्थ्य व 30 आयुष केंद्र लगभग बंद !

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मेडिकल कॉलेज जरुर खुलने वाला है। लेकिन, मलेरिया या मौसमजनीत छोटी मोटी बीमारियों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र और आयुष केंद्रों पर ही होंगे। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र और आयुष केंद्र का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। मेडिकल कॉलेज को लेकर जरुर जिम्मेदार अपना श्रेय लेकर खुद की पीठ थपथपा रहे हैं। लेकिन, स्वास्थ्य केंद्र और आयुष केंद्रों की स्थिति को लेकर कभी कोई बयान जारी नहीं किया जाता। संसाधन और भवन पर एक अरब का खर्च कुछ सालों में किया गया। लेकिन, इसका उपयोग नहीं हो पा रहा। डॉक्टरों की कमी के चलते जिले में 150 से अधिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 31 आयुष केंद्र लगभग बंद हैं। कई जगह तो ताले तक लगे हैं।

भोजन, शिक्षा, सफाई व पेयजल के साथ स्वास्थ्य भी लोगों के लिए बहुत जरूरी है। गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले सहित 440 पंचायतों में 220 स्वास्थ्य केंद्र बना दिए। इनके लिए विशेषज्ञों सहित डॉक्टरों के 180 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में मात्र 108 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। अकेले जिला चिकित्सालय में 62 स्वीकृत पद में से लगभअ आधे रिक्त हैं। बाकी 219 स्वास्थ्य केंद्र पर मात्र 76 डॉक्टर हैं। ऐसे में 150 से अधिक स्वास्थ्य केंद्र के ताले नहीं खुल रहे हैं। शासन ने सुविधा के लिए भवनों पर पिछले नौ साल में करीब 16 करोड़ रुपए खर्च किए। वहीं अब तक शासन ने केवल भवनों व संसाधनों पर 100 करोड़ से भी अधिक खर्च कर दिए। डॉक्टरों के अभाव में यह राशि बर्बाद हो रही है। जिले की 15 लाख से ज्यादा आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं मिल रही हैं।

### परिवार की परवाह किए बिना कोरोना में दी सेवाएं...

कोरोना के समय सरकार को डॉक्टरों की जरूरत होने पर सरकार ने विशेष आदेश निकालकर एमबीबीएस व आयुष डॉक्टरों सहित कई फार्मासिस्ट एवं अन्य कर्मचारियों को अस्थायी रूप से काम पर रखा था। आयुष डॉक्टरों ने 25 हजार रुपए महीने में परिवार की परवाह किए बिना कोरोना में सेवाएं दीं। कोरोना खत्म होते ही सरकार ने डॉक्टरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। अगर प्रयास किया जाता तो इनकी सेवाएं नियमित कर लोगों को राहत दी जा सकती थी।

### 42 आयुष केंद्र पर मात्र 12 डॉक्टर पदस्थ...

जानकारों का कहना है कि आयुष चिकित्सकों को एलोपैथी उपचार करने का अधिकार नहीं होता। जिले में जिला आयुष अस्पताल, आयुष विंग सहित 42 आयुष केंद्र हैं। इसके लिए लगभग 12 चिकित्सक पदस्थ हैं। वर्तमान में तीस आयुष केंद्र का चिकित्सकों के अभाव में जनता को लाभ नहीं मिल रहा। सरकार चाहे तो कोरोना की सेवाएं देने वाले चिकित्सको को आयुष केंद्र पर भी रख सकती है।



### उपमुख्यमंत्री के क्षेत्र में ऐसी स्थिति...

उपमुख्यमंत्री और प्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के गृह क्षेत्र मल्हारगढ़ में मेडिकल विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ के पद रिक्त हैं। यह केंद्र मात्र एक चिकित्सा अधिकारी के भरोसे है। सुवासरा केंद्र में भी ना मेडिकल विशेषज्ञ है ना स्त्री, ना सर्जिकल विशेषज्ञ हैं। इनके लिए लोगों को अन्य शहरों में भटकना पड़ता है। इसी तरह की मिलती जुलती स्थिति अन्य जगहों पर भी है।

# जमीन में गड़ा धन निकालने का लालच देकर दुकान में की खुदाई

## मरने का नाटक कर व्यापारी से वसूल लिए 10 लाख !

**रतलाम, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के एक दुकानदार से 4 लोगों द्वारा उसकी दुकान से गड़ा धन निकालने के नाम पर 10 लाख रुपए की अवैध वसूली कर ली। दुकानदार की रिपोर्ट पर माणक चौक पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख रुपये जब्त किए हैं। एक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आया है, उसकी तलाश की जा रही है।



पुलिस के अनुसार हैदर अली पिता अब्बास भाई हामिद बोहरा उम्र 62 साल निवासी ताहिरपुरा चांदनी चौक को आरोपित अबु बकर उर्फ अब्बु पिता अय्यूब खान शैरानी, अली असगर पिता अकबर अली बोहरा निवासी बोहरा बाखल, यूनुस उर्फ बारिक पिता हबीब अली निवासी वकील कॉलोनी कालिका माता क्षेत्र व बाबा उर्फ काका उर्फ वजेनाथ निवासी ग्राम बड़ोदिया ने उनकी दुकान में धन गड़ा होने का लालच देकर इसे निकालने का झांसा दिया।

15 जून को आरोपी दुकान पर पहुंचे और रात करीब 11.30 बजे आरोपी अबु बकर ने उनकी दुकान की लाइट व सीसीटीवी कैमरे बंद करवा दिए। साथ ही दुकान का शटर भी बंद कराकर दुकान में खुदाई कर गड़ा धन निकालने का नाटक करते रहे।

इसी बीच अचानक बाबा वजेनाथ नीचे गिरकर अचैत होने का नाटक करने लगा। यह देख दुकानदार घबरा गया। इस दौरान अन्य आरोपियों ने उससे कहा कि खुदाई में देर करने से बाबा की मौत हो गई है। बाबा भी मरने का छल करने लगा। बाबा की मौत का मामला दबाने के लिए फरियादी दुकानदार से 30 लाख रुपये की मांग की गई तथा धोखा देकर उससे 10 लाख रुपए वसूल लिए। शेष रुपए बाद में लेने की बात कहकर रंगदारी करने लगे तथा उससे मारपीट की।

### एक फरार आरोपी को तलाश रही पुलिस...

दुकानदार ने माणक चौक थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस कप्तान श्री राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में एएसपी राकेश खाखा व सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में टीम ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की। टीआई रणजीत सिंगार के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर मात्र 6 घंटों के भीतर आरोपित अबु बकर उर्फ अब्बु, अली असगर व युनूस उर्फ बारिक को गिरफ्तार कर लिया। बाबा वजेनाथ के घर दबिश दी गई, लेकिन वह नहीं मिला। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जैल भेज दिया गया।



## शिवना में कूदे युवक का शव मिला

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार रात शिवना में कूदे युवक का शव सोमवार सुबह मिला। इस बीच रविवार को दिन भर गोताखोर नदी में युवक को तलाशते रहे। लेकिन, उसका शव नहीं मिल सका था।

जानकारी के अनुसार शहर के कैलाश मार्ग निवासी तुषार बैरागी ने कालाभाटा डेम के पास फोरलेन हाईवे पर बनी शिवना पुलिया से नदी में छलांग ली थी। युवक के परिजनों के अनुसार पहले तुषार ने उन्हें फोन पर कहा कि वह अपनी जिंदगी से परेशान हो चुका है और पुल से कूदकर आत्महत्या कर रहा है। उसने कहा मां का ख्याल रखना, बाइक और मोबाइल पुल के ऊपर पड़े है जिन्हें घर ले जाना। फोन के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां युवक का बाइक और मोबाइल फोन मिला। एसडीआरएफ और पुलिस कीटीम रविवार को दिनभर युवक की तलाश करती रही। इसके बाद सोमवार सुबह युवक का शव नदी में किनारे पर दिखा। इसके बाद पुलिस ने उसे बाहर निकाला। शव को पीएम के लिए पहुंचाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु कर दी है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी जोरावरसिंह पिता पदमसिंह नि. वाडा कुण्डली सकानी थाना आसपुरा जिला डूंगरपुर राजस्थान को 13 वर्षीय नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में दोषी पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन सहा. मीडिया सेल प्रभारी बलराम सोलंकी द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 01 मार्च 2023 को पीडिता की माता ने थाना नाहरगढ पर एक लिखित आवेदन पेश कर 08 जनवरी 2023 को पीडिता को अभियुक्त जोरावरसिंह द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका जाहिर करते हुए रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस द्वारा फरियादिया के आवेदन पर से रिपोर्ट लेखबद्ध कर अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के दौरान 02 मार्च 2023 को पीडिता को अभियुक्त जोरावरसिंह पिता पदमसिंह निवासी वाडा कुण्डली डूंगरपुर राजस्थान से दस्तयाब किया गया। नाबालिग पीड़िता के कथन लेखबद्ध किये गये। पीड़िता ने अपने कथनों में बताया कि वह 08 जनवरी 2023 को स्कूल में एडमिशन के लिए पूछताछ के संबंध में मंदसौर जा रही थी।



मंदसौर बस स्टैण्ड पर अभियुक्त जोरावर मिला और उसे धमकी देकर जबरदस्ती वाडा कुंडली उसके निवास स्थान पर ले गया और वहां पर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये। आरोपी ने पीडिता को करीब 2 माह तक कमरे में बंद करके रखा था और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये। तत्पश्चात पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीप्ति कनासे द्वारा किया गया।

## उमस से हाल बेहाल, शाम को बारिश

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** बीते कुछ दिनों से शहर सहित अंचल के कुछ हिस्सों में बारिश हो रही है। लेकिन, इससे उमस कम नहीं हो रही है। लगातार बारिश न होने के कारण मौसम ठंडा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में फिर से गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। हालांकि तापमान में पहले की अपेक्षा गिरावट दर्ज की जा रही है। फिर भी लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार-सोमवार की दरमियानी रात मंदसौर शहर सहित अंचल में कई जगहों पर बारिश हुई। सुबह बादल तेज बारिश का संकेत देते नजर आए। लेकिन, इसके बाद तेज धूप खिली। जिसके चलते लोगों के गर्मी और उमस से हाल बेहाल नजर आए। जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सोमवार को जिले का अधिकतम 36.9 डिग्री सेल्सियस ओर न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार शाम को भी शहर सहित अंचल में अनेक स्थानो पर बारिश हुई। लेकिन, उससे उमस में कोई कमी नहीं आई। आज मंगलवार को भी जिले के आसमान पर बादल छाए हुए रहेंगे, कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। आगामी 2 से 3 दिनों में जिले में मानसून सक्रिय होने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने अंचल में आज 25 जून से मानसून सक्रिय होने की संभावना जताई है।



## फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक
## ऑनलाइन पीयूसी जांच हुई शुरू

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** वाहनों द्वारा छोड़े जा रहे प्रदूषण की जांच अब ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से शुरू हो गई है। भोपाल में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 9 पॉइंट पर इसका ट्रायल किया गया। करीब छह महीने के प्रयोग के बाद अब इसी मॉडल पर प्रदेश भर में वाहनों की पीयूसी जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी यह बहुत कम संख्या में है। लेकिन, आने वाले समय में इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है।

बता दें कि अब तक ऑफलाइन पीयूसी होती थी। ऐसे में दूसरे राज्यों में जाने पर वाहन चालकों को जुर्माना भरना होता था। ऑनलाइन होने से वाहन चालक परेशानी से बचेंगे। परिवहन विभाग का दावा है कि अब कोई भी गलत तरीके से पीयूसी नहीं करा सकेगा। वाहनों को सेंटर तक आना ही पड़ेगा।

### इस तरह काम करता है सिस्टम...

यह पूरा सिस्टम ऑनलाइन है। वाहन को जांच के लिए सेंटर या पीयूसी वैन तक लाना होता है। मशीन फिट करते ही गाडी की पूरी जानकारी ऑनलाइन हो जाती है। इसमें किसी तरह का बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता है। जांच के दौरान 4 सेकंड का वीडियो बनता है। यह भी ऑनलाइन ही अपलोड होता है। इस कारण फर्जी तरीके से पीयूसी नहीं हो सकती है। आटोमैटिक प्रमाण पत्र भी निकल आता है।

### वर्तमान में यह है व्यवस्था...

अभी जांच के लिए वैन में सिस्टम लगाते हैं, जो ऑफलाइन काम करता है। जांच कराने वाले का नाम पता और नंबर रजिस्टर पर दर्ज करते हैं। वाहन चालक उनसे स्टीकर लेकर गाड़ी पर चिपका लेते हैं। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पीयूसी की जांच व्यवस्था शुरू की गई है। ऑफलाइन सिस्टम होने से वाहन चालक और ऑपरेटर इसमें गड़बड़ी करने लगे। लोग घर बैठे ही पीयूसी लेने लगे थे।

## पारिवारिक विवाद में हत्या, दो गिरफ्तार



हत्यारो पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर मृतक के परिजन सहित ग्रामीणो ने पुलिस कप्तान कार्यालय जाकर ज्ञापन दिया।

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** रेवास देवड़ा में हुई अधेड़ की हत्या के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पारिवारिक विवाद को लेकर हत्या की वारदात को अंजाम देना सामने आया है।

यशोधर्मन नगर थाना टीआई संजीवसिंह मंगोलिया ने बताया कि 23 जून की रात्री में मुकेश पिता कंवरलाल तैली उम्र 45 वर्ष निवासी रेवास देवडा की लाश मिली थी। सिर पर वारकर मुकेश को मौत के घाट उतार दिया गया था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की। जांच पड़ताल में सामने आया कि घटनास्थल कैलाश तैली की दुकान के सामने मृतक मुकेश एवं उसके साथ मे श्यामलाल साहु व अरुण साहु को देखा था। श्यामलाल साहु व अरुण साहु की तलाश कर हिरासत में लिया गया। जिसमें दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। पूछताछ के दौरान आरोपियो ने बताया की मृतक मुकेश का आरोपी श्यामलाल से पुराना पारिवारिक विवाद चल रहा था इस कारण आरोपी श्यामलाल ने अपने दोस्त अरुण के साथ मिलकर मुकेश की हत्या की। दोनो ने मारपीट कर मृतक के सिर पर पत्थर से वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### 26 तक रिमांड पर आरोपी...

मामले में पुलिस ने दोनो आरोपी श्यामलाल साहु व अरुण साहु को सोमवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनो को 26 जून तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

## गुप्त नवरात्रि 6 से, दस दिनों तक होगी मां की आराधना

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** आषाढ़ मास की शुरुआत 23 जून रविवार से हो गई है। धार्मिक दृष्टि से यह माह काफी महत्वपूर्ण माना गया है। इस माह से चातुर्मास के साथ त्योहारों की शुरुआत होगी। पूरे महीने में 15 से अधिक प्रमुख व्रत और त्योहार रहेंगे। देवशयनी एकादशी के साथ गुप्त नवरात्र, जगन्नाथ रथयात्रा, गुरु पूर्णिमा जैसे प्रमुख व्रत और त्योहार होने से जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा आराधना के लिए यह महीना खास रहेगा।

आषाढ माह में गुप्त नवरात्रि भी आ रही हैं। इसकी शुरुआत 6 जुलाई से होगी, जो 15 जुलाई भाल्या नवमी तक चलेगी। इस बार दस दिन के नवरात्र रहेंगे। यह नवरात्र मनोकामना पूर्ति की साधना के लिए विशेष शुभ माने गए हैं। गुप्त नवरात्र में अनेक स्थानों पर कई साधक गुप्त साधना करेंगे और दस महाविद्याओं की आराधना करते है। इस बीच 07 जुलाई को जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को मनाई जाएगी। इसके साथ ही तीज त्योहारों की शुरुआत हो जाएगी। चार माह तक साधु संत एक ही स्थान .... **शेष पेज 4 पर**

## बुजुर्ग पिता को पीटा, रिटायर्ड एएसआई पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** 95 वर्षीय पिता के साथ मारपीट करने वाले रिटायर्ड एएसआई के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। बूढ़ा निवासी मांगीबाई खटीक ने बूढ़ा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पति शिवलाल खटीक घर के पास लगी मेंहदी के पेड काट रहे थे, इसी दौरान मेरा पुत्र कन्हैयालाल हाथ में दरांता लेकर आया और गाली-गलौज कर बोला मेंहदी क्यों काटी, शिवलाल ने लात-घुसों से मारपीट की व दरांते से जानलेवा हमला किया, जिससे हाथ, कमर व पाव में गंभीर चोंट आई। पुलिस ने मारपीट करने वाले पुत्र रिटायर्ड एएसआई कन्हैयालाल के खिलाफ केस दर्ज किया



## मानसून सत्र में विधायक बताएंगे अपने क्षेत्र की पांच साल की कार्ययोजना

**भोपाल, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा के मानसून सत्र में भाजपा विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में आगामी पांच साल का रोडमैप रखेंगे। वे सदन में बताएंगे कि आगामी पांच साल में अपने विधानसभा क्षेत्र में क्या और कैसे विकास कार्य करेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सभी विधायकों से कहा है कि वे कलेक्टरों के साथ बैठकर योजनाओं की बारे में जानें और उनके आधार पर आगामी पांच साल की कार्ययोजना तैयार करें। विधानसभा सत्र में इसको लेकर चर्चा होगी और कार्ययोजना फाइनल की जाएगी।

इस कार्य के लिए जो भी बजट लगेगा राज्य सरकार देगी। वहीं इस कार्य में सभी 29 सांसदों को भी कहा गया है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र का रोडमैप तैयार कर केंद्र सरकार से योजनाओं को स्वीकृत कराकर विकास कार्य करें। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र वार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाएंगे।

### आदर्श विधानसभा बनाने के लिए जरूरी विकास कार्य...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को प्राथमिकता में रखकर कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें। आदर्श विधान सभाएं बनाने के लिए जरूरी विकास कार्य और उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे।

### विधानसभा सत्र से पहले सीएम करेंगे समीक्षा...

विधानसभा सत्र शुरू होने के पहले मुख्यमंत्री डा. यादव विधायकों के साथ बैठक कर विधानसभावार कार्यों की समीक्षा करेंगे। विधायकों से पूछा जाएगा कि वे अपने विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने के लिए क्या कार्य करेंगे। वहीं इन कार्यों में जो भी बजट लगेगा वित्त विभाग के साथ मिलकर इसे भी स्वीकृत किया जाएगा। संभवत: यह बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय या मंत्रालय में वर्चुअली की जाएगी। वहीं मंत्रियों से भी कहा गया है कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी ले और विधानसभा में पूरी ताकत से विपक्ष के आरोपों व सवालों का जवाब दें।





# सुपर ओवर से जीता एटूजेड जैन इलेवन ने नाइट क्रिकेट चैंपियनशीप प्रीमियर लीग टूर्नामेंट

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी समाज एवं युवा संगठन द्वारा दशपुर नगरी में प्रथम बार नाइट क्रिकेट चैंपियनशिप प्रीमियर लीग का फाइनल मैच काफी कशमकश और रोमांच भरा रहा। रायल सिंधी इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन के बीच खेला गया फायनल पहले टाई रहा उसके पश्चात् आयोजित सुपर ओवर में एटूजेड जैन इलेवन ने रॉयल सिंधी इलेवन को शिकस्त देकर टूर्नामेंट पर अपना कब्जा किया।

टूर्नामेंट के फायनल में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, समरसता मंच प्रमुख सत्यनारायण सोमानी, रेडक्रास चेयरमेन प्रितेश चावला, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय सुराणा, पार्षद दिव्या माहेश्वरी, पत्रकार व आयोजन के मीडिया पार्टनर आशुतोष नवाल, सिंधी समाज के प्रमुख पुरूषोत्तम नन्दू आडवानी, गिरीश भगतानी, नानकराम नंदवानी, सिद्धी विनायक हॉस्पिटल संचालक रमेश गंगवानी, दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष नेमीचंद राठौर, पत्रकार प्रकाश सिसौदिया, राहुल सोनी, उमेश नेक्स, पूर्व जिला क्रिकेट एसोसिऐशन अध्यक्ष अरूण शर्मा, पूर्व पार्षद विजय पोपट, पुष्पेन्द्र भावसार, भेरूलाल साहू, मयंक मावर, आकाश निगम आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने माहेश्वरी समाज व युवा संगठन द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित टूर्नामेंट की प्रशंसा की। आयोजन कर्ता अनूप माहेश्वरी व अंकित माहेश्वरी ने बताया कि दुधिया रोशनी में



आयोजित फाइनल में एटूजेड जैन इलेवन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया व पूरी टीम 16.4 ओवर में 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें अंशुल राका ने 22 गेंद में 36 का अमूल्य योगदान दिया। गेंदबाज निखिल ने 3 तथा गिरीश व पवन ने 2-2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल सिंधी निर्धारित 18 ओवर में 122 रन ही बना सकी और मैच टाई हो गया। रॉयल सिंधी ओवर को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी और 9 विकेट हो चुके थे। ग्यारहवें नम्बर के खिलाड़ी वैभव रायमलानी ने 1 छक्के व 1 चौके की मदद से मैच को टाई करा दिया। जिस पर सुपर ओवर खेला गया जिसमें रॉयल सिंधी इलेवन ने पहले सुपर ओवर में मात्र 5 रन बनाये। जवाब में एटूजेड जैन इलेवन 5 गेंद में जीत दर्ज कर ली। मैन ऑफ द मैच अखिलेश मेहता रहे। मैच के अम्पायर मंगल बैरागी व देवेन्द्र बैरागी तथा स्कोरर अंकित बैरागी रहे।

अतिथियों ने टूर्नामेंट की विजेता टीम एटूजेड जैन इलेवन को रिप्पी चावला मित्र मण्डल द्वारा 31 हजार रू. व शिल्ड प्रदान की वहीं उपविजेता टीम रॉयल सिंधी इलेवन को श्री विजय सुराना परिवार द्वारा 21 हजार रू. व शील्ड प्रदान किये गये। बेस्ट बल्लेबाल शैलेन्द्र चोईथानी, बेस्ट बॉलर निमिष दुग्गड़ को पुरस्कृत किया गया। संचालन सीए रोहन सोमानी व अनूप माहेश्वरी ने किया एवं आभार माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष पंकज डागा ने माना। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष बंकट सोमानी, सचिव गोपाल पसारी, माहेश्वरी युवा मण्डल अध्यक्ष अजय लड्ढा, कोच पंकज परवाल, नवीन सोमानी, राजेश कासट, सतीश सोमानी, मुकेश लड्ढा, दीपक पलोड़, शरद सोमानी, नंदकिशोर डांगरा, मंथन सोमानी, रोहित सोमानी, संदीप मण्डोवरा, राघव जेतलिया, श्यामसुंदर सोमानी, डॉ. रोहित सोमानी, धीरज लड्ढा, बंटी माहेश्वरी, माधव सोमानी, अभिषेक परवाल, पवन बांगड़, प्रदीप डांगरा, आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अंकित माहेश्वरी ने दी।

# वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता का जन्म दिवस मंदसौर जिला मुख्यालय पर युवा इकाई के माध्यम से सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को जिला चिकित्सालय मंदसौर में वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्री जगदीशचंद्र चौधरी की गरिमामय उपस्थिति में मरीजों को फल वितरण एवं रक्तदान कर जन्म दिन मनाया गया। जिला चिकित्सालय में सेवफल, मोसंबी, केले और बिस्किट वितरित किए गए। वैश्य युवा इकाई के उपाध्यक्ष अप्रेश भंडारी ने आज 30वीं बार रक्तदान किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश में राजनीतिक संगठनों के बाद यदि सबसे बड़ा कोई संगठन है तो वैश्य महासम्मेलन का संगठन है और इस संगठन को बनाने में प्रांतीय अध्यक्ष श्री उमाशंकर गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान है। मध्य प्रदेश में आप सतत दौरे करते हैं और वैश्य बंधुओ को आपस में जोड़ने के अलावा उनके सुख-दुख में भी वैश्य बंधुओ को सहयोग करने हेतु प्रेरणा भी देते हैं। इसलिए आज संपूर्ण मध्य प्रदेश में युवा इकाई के माध्यम से श्री गुप्ता का जन्म दिवस सेवा दिवस के




रूप में मनाया गया। जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष श्री गुप्ता का जन्म दिवस मंदसौर जिले में एक सप्ताह तक विभिन्न सेवा प्रकल्प कर सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। युवा संभागीय प्रभारी कपिल भंडारी ने कहा कि युवा इकाई मंदसौर जिले में वैश्य युवाओं को जोड़ने हेतु सतत जुटी हुई है। संभागीय अध्यक्ष अमित मारवाडी ने कहा कि युवा इकाई के माध्यम से 8 फरवरी को संपूर्ण मध्य प्रदेश में रक्तदान शिविर के आयोजन किए जाते हैं मंदसौर जिले में भी प्रतिवर्ष युवा इकाई 100 यूनिट रक्तदान करती है। आज प्रांतीय अध्यक्ष श्री गुप्ता के जन्मदिवस पर हमने फल वितरित किए और रक्तदान भी किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में वैश्य महासम्मेलन के जिला उपाध्यक्ष मनोहर नाहटा को विधायक विपिन जैन द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाएं जाने पर स्वागत किया गया। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में एडवोकेट गौरव रत्नावत, सुभाष खंडेलवाल, राधेश्याम मांदलिया, कृष्णकांत मोदी, जगदीश काला, राकेश दुग्गड, सचिन पाटनी, सिद्धार्थ अग्रवाल, सन्तोष गोयल, महिला इकाई जिला प्रभारी भारती अग्रवाल, जिलाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित थे। रक्तदाता अप्रेश भंडारी का स्वागत कर जिला चिकित्सालय की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन युवा इकाई जिला प्रभारी जगदीश काला ने किया तथा आभार जिलाध्यक्ष राकेश दुग्गड ने माना।

**वैश्य समाज ने किया नवाचार-** वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर वैश्य समाज द्वारा जिला चिकित्सालय मंदसौर में फल वितरण के दौरान एक नया नवाचार किया गया। फल चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में वितरित किए गए लेकिन जिन मरीजों को फल दिए गए उनके साथ फोटो नहीं लिया बल्कि जिला चिकित्सालय के बाहर मुख्य गेट पर पदाधिकारीयो ने फलों के साथ एक ग्रुप फोटो खिंचवाया। अन्य सामाजिक संगठनों को भी इस प्रकार के निर्णय से प्रेरणा लेना चाहिए।

# जिले में ब्लड ग्रुप जांच के लिए शिविरों का आयोजन 28 को

**नीमच, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में 28 जून को वृहद रक्त समूह परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में एक दिन में ही जिले के एक लाख लोगों के रक्त समूह परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। नीमच शहर के शा.बा.उ.मा.विद्यालय क्र.2 नीमच में विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से 28 जून को एक दिन में ही 5 हजार से अधिक लोगो को रक्त समुह परीक्षण किया जावेगा। सभी स्वयं सेवी संस्थाओं ने अलग-अलग वार्डो में लोगो को जागरूक कर रक्त समूह परीक्षण करवाने की जिम्मेदारी ली है। रक्त समूह परीक्षण के इस वृहद अभियान के तहत रक्त समूह परीक्षण करवाने वाले व्यक्तियों के ब्लड ग्रुप की प्रशासन व्दारा एक डायरेक्ट्री का प्रकाशन किया जावेगा। यह डायरेक्ट्री सभी पंचायतों और नगरीय निकायों को उपलब्ध करवाई जावेगी।

**जिले के सभी नागरिक अपना ब्लड ग्रुप जांच करवाये-** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिले के सभी नागरिकों से 28 जून को जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले रक्ति समूह परीक्षण शिविरों में उपस्थित होकर अपना नि:शुल्क ब्लड ग्रुप जांच करवाने की अपील की है। कलेक्टर ने जिले की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से भी रक्त समूह परीक्षण शिविरों में ब्लड ग्रुप जांच के लिए लोगों को प्रेरित कर लाने का आव्हान किया है।

## निर्वाचन लेखा समाधान की बैठक 30 को

**नीमच, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मंदसौर श्री दिलीप कुमार यादव ने बताया कि लेखा समाधान की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 30 जून को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत मंदसौर में आयोजित की गई है। व्यय लेखे को प्रस्तुत करने की अंतिम तारिख से पहले सभी अभ्यौर्थियों/ निर्वाचन एजेंटो के लिए एक दिवसीय फेशिटिलेशन कार्यक्रम का 27 जून 2024 को जिला पंचायत के सभागृह मंदसौर में दोपहर 12 बजे आयोजन किया गया है।



## अच्छी बारिश व सबके खुशहाली की कामना को लेकर कहार भोई समाज ने हवन व पूजन किया

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगर में अच्छी बारिश और खुशहाली के लिए कहार भोई समाज ने प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े उल्लास के साथ सर्किट हाउस के समीप विराजित ओखाबावजी की पूजा-अर्चना की व चोला चढाया तथा महाआरती की पूरे कार्यक्रम का संयोजन कहार भोई समाज के वरिष्ठजनों और माता बहनों ने की। कार्यक्रम में कहार समाज अध्यक्ष मनोहर चौहान, भगवान, पूर्व सैनिक राजेश परमार, गोविंदराम कहार, राजू, दिनेश, गोपाल भाई, शंकर, लक्ष्मण डोडिया, अम्बालाल, मनोज भाई, बंटी भाई आदि सहित अन्य कार्यकर्ताओं और पूरे कहार भोई समाजजनों ने पूजा-अर्चना की।

## घरों के आसपास फलदार पौधों का रोपण करें-जैन

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** आज वर्तमान समय में हम सब पेयजल की कमी से परेशान है ,इसका मुख्य कारण हमारे आसपास हरियाली का कम होना या नगण्य सा होना है। आज ऑक्सीजन की कमी का मुख्य कारण हमारे आसपास हरे भरे पेड़ों की कमी या उनका ना होना है। विज्ञान के अनुसार पीपल 100 प्रतिशत, बरगद 80 प्रतिशत, नीम 70 प्रतिशत प्रतिशत ऑक्सीजन देते हैं।

उक्त बात पर्यावरण प्रेमी अजय कुमार जैन ने कहते हुए कहा कि फलदार वृक्ष जैसे बेल, आम, जामुन ,जामफल, केला सीताफल व अन्य फलदार वृक्ष भी पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए ऑक्सीजन की पूर्ति करते हैं। आज के समय में हर घर में आम का उपयोग होता है। हमें आम की गुठलियों को सुखाकर रख लेना व अपने आसपास उपयुक्त जगह पर बारिश के दिनों में इन गुठलियों का रोपण करना चाहिए। जिससे हमें आम के पेड़ो से ऑक्सीजन, छाया व फल मिल सकते हैं। हम सब को पर्यावरण की रक्षा करते हुए वृक्षारोपण का लक्ष्य रखना चाहिए। श्री जैन ने सभी से आग्रह किया है कि अगर आपके निवास के आसपास जगह की कमी हो तो आप बारिश के दिनों में इन आम की गुठलियों व अन्य फलों की गुठलियों को नदी तालाब या सडक की किनारों के आसपास रोपित कर सकते हैं, जिससे पर्यावरण को संतुलन सही रह सकता है।

## इस शैक्षणिक सत्र में एफएलएन की मानिटरींग को और अधिक सुदृढ़ किया जावेगा



**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देश अनुसार जिले में चालु शैक्षणिक सत्र में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। इस हेतु मानिटरींगकर्ता अंतर जिला जनशिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण डाइट मंदसौर में आयोजित किया जा रहा है।

इस हेतु डाइट मंदसौर में उज्जैन जिले के लगभग 88 जनशिक्षकों को प्रशिक्षण का लक्ष्य था जिसके विरूद्ध 78 जनशिक्षक प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए। उक्त प्रशिक्षण में जिले के चयनित 6 मार्गदर्शक शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रात: 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित किया जाता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शालाओं में मेंटरिग को सुदृढ करना है। उक्त जानकारी संस्थान के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिह राठौर एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्री आर.डी. जोशी द्वारा दी गई।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 55 | 2300 | 2409 |
| उडद | 2 | 6400 | 10850 |
| सोयाबीन | 5000 | 3500 | 4650 |
| गैहु | 4800 | 2450 | 3150 |
| चना | 394 | 5711 | 6401 |
| मसुर | 205 | 4500 | 5953 |
| धनिया | 154 | 4300 | 7500 |
| लहसुन | 13000 | 5590 | 22800 |
| मैथी | 710 | 4152 | 6100 |
| अलसी | 1000 | 5412 | 6131 |
| सरसो | 491 | 5120 | 5421 |
| तारामीरा | 1 | 4621 | 4621 |
| इसबगोल | 83 | 10211 | 13000 |
| प्याज | 3000 | 600 | 2855 |
| कलोंजी | 25 | 15100 | 19000 |
| डॉलर | 25 | 5311 | 9181 |
| तिल्ली | 300 | 9600 | 12410 |
| मटरसुखी | 1 | 2200 | 2200 |
| असालीया | 45 | 9500 | 10171 |

## अभा सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज मंदसौर की धर्मशाला का लोकार्पण

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** जीवन में हमें जो भी प्राप्त होता है वह ईश्वर कृपा से होता है, उसी ईश्वर के निमित्त जब हम कोई नेक काम समाज के लिये करते है तब ईश्वर हमारे जीवन कोआलौकित्त करतेहुए अप्पदिपोभव की स्वप्रेरणा देते हुए सत्कर्मों के लिये हमें जीवन पर्यन्त प्रवाह मान रखते है। औदीच्य ब्राह्मण समाज ने संगठित होकर धर्मशाला बनाकर अल्प अवधि में मिसाल पेश की है। मेरा भी सौभाग्य रहा विधायक रहते इस पुण्य कार्य में आपका सहयोग कर सका जिन्होंने धर्मशाला निर्माण में पुरूषार्थ एवं ईमानदारी से दायित्व निभाया है उनकी पीठ थपथपाएं, न की आलोचना करें।

उक्त उद्बोधन पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसौदिया द्वारा अखिल भारतीय सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज मंदसौर द्वारा नवनिर्मित श्री गोविन्द-माधव औदीच्य ब्राह्मण धर्मशाला बावडीकला चन्द्रपुरा मंदसौर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज को संबोधित करते हुए कहे।लोकार्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री यशपालसिंह सिसौदिया व अध्यक्ष श्री जगदीशचन्द्र पाठक आलमपुर ठीकरिया, अध्यक्ष सुरेशचन्द्र पण्ड्या, संरक्षक श्री गौतमलाल जोशी करजू, श्री मनोहरलाल उपाध्याय, श्री आनंदीलाल पण्ड्या, सचिव मुकेश आचार्य के कर कमलों से माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर हुआ। समाज के अध्यक्ष श्री सुरेशचन्द्र पण्ड्या एवं वरिष्ठजनों द्वारा अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत कर शाल श्रीफल भेंट किये गये। अतिथियों को सम्मान पत्र अध्यक्ष श्री सुरेशचन्द्र पण्ड्या ने वाचन कर भेंट किये। स्वागत भाषण अध्यक्ष श्री सुरेशचन्द्र पण्ड्या ने देते हुए सभी का धर्मशाला निर्माण में मिले सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया एवं समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन एवं युवा पिढ़ी से निरन्तर अच्छे कार्य करने का आव्हान किया। निर्माण समिति अध्यक्ष श्री आनन्दीलाल पण्ड्या ने आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। धर्मशाला निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाताओं प्रवीण गुप्ता, विनय मुंजी, ओमप्रकाश मिश्रा, उमेश पितलिया, लालबहादुर श्रीवास्तव का सम्मान पुष्पहारों से किया गया। इस सुखद प्रसंग पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेखा संधारक आनन्दीलाल पण्ड्या, अल्प समय में धर्मशाला निर्माण के लिये अध्यक्ष सुरेशचन्द्र पण्ड्या, भूमि क्रय हेतु श्री मनोहरलाल उपाध्याय का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सहयोग राशि देने वाले हाटपिपलिया रतलाम निवासी राजीव लोचन ठाकुर ने रू. पांच हजार, कार्यक्रम के अध्यक्ष जगदीशचन्द्र पाठक ने रू. 11 हजार, ओमप्रकाश जोशी दलौदा ने 5 हजार, शिवनारायण पण्ड्या बरखेडाखुर्द ने 3500 रू., बालमुकंद जोशी ने 5 हजार रू., राधेश्याम शिकारी अफजलपुर ने 5 हजार रू., विजय रावल ने 5 हजार रू. सहयोग राशि प्रदाय की। जिसका उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।



## प्रभात पाराशर ने कलेक्टोरेट में अधिकारी कर्मचारियों से की मुलाकात

**नीमच, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के प्रथम कलेक्टर (सेवानिवृत्तत) आई.ए.एस.श्री प्रभात पाराशर ने सोमवार को नीमच के संयुक्ती कलेक्टर कार्यालय स्थित विभिन्न विभागो के कार्यालय कक्षों का निरीक्षण कर अवलोकन किया और अधिकारी-कर्मचारियों से मुलाकात कर चर्चा भी की। श्री पाराशर ने कलेक्टोरेट के प्रवेश व्दार पर स्थापित हेल्प डेस्क, एडीएम कार्यालय, कलेक्टोरेट स्टाफ रूम, एनआईसी कक्ष एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर, कार्यालयों की बेहतर व्यवस्था की सराहना की। श्री प्रभात पाराशर ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित गार्डन में पौधारोपण भी किया। श्री पाराशर ने कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट के सामने स्थित बगीचे में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएस प्रीती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



## प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता का जन्म दिवस मनाया

**मनासा, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमाशंकर जी गुप्ता के जन्मदिन पर मनासा इकाई एवं महिला मण्डल द्वारा वृहद वृक्षा रोपण कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय रामद्वारा परिसर मे वृक्षा रोपण किया गया इस अवसर पर मनासा वैश्य इकाई के सदस्य गोपाल विजय वर्गीय, जगदीश तोषनीवाल, गिरिराज विजय वर्गीय, गौरव मंत्री, राकेश विजय वर्गीय, प्रोफेसर राकेश विजय वर्गीय, वरिष्ठसुरेश जी, बंशीलाल जी मुंदरा, संभगीय अध्यक्ष श्री मति मनोरमा मुंदरा, श्री मति स्नेह लता बम्ब,आशा विजय वर्गीय,कुसुम विजय वर्गीय, केसर देवी विजय वर्गीय, गायत्री विजय, सोनिका राठी, श्री मति तोषनीवाल, चंचल मंत्री आदि सदस्य उपस्थित थे

## मूलभूत सुविधाओं को तरसते लोगों के सब्र का बांध टूटा...

# नगर परिषद का किया घेराव



**सुवासरा, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर में मूलभूत सुविधाओं को तरसते लोगो का सोमवार को सब्र का बांध टूट गया। नाराज नगरवासी पार्षद रोडमल दायमा के साथ पहले तो विधायक कार्यालय पहुंचे इसके बाद नगर परिषद का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। वार्ड 6 और वार्ड 15 के रहवासी मूलभूत सुविधाओं पेयजल पाइप लाइन , नाली और विद्युत पोल नही होने से नाराज होकर वार्ड 6 के पार्षद रोडमल दायमा के साथ पहले तो विधायक हरदीप सिंह डंग के पास पहुंचे और अपनी समस्या को बताया इस पर विधायक ने समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

जिसके बाद सभी महिलाएं और पुरुष परिषद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परिषद कार्यालय पहुंचे। जहां सभी लोगो ने परिषद के जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ समय बाद परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डा बालाराम परिहार परिषद कार्यालय पहुंचे। और वार्डवासियों से बात की। चर्चा के दौरान पार्षद रोडमल दायमा ने पेयजल पाइप लाइन, विद्युत पोल और नाली निर्माण करवाने की बात कही। जिसके बाद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने पेयजल समस्या का चार दिनों में समाधान करने की बात कही। बाकी कार्य भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। वार्ड 15 की पार्षद और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शयामु बाई मेहर की उदासीनता के चलते वार्डवासी मूलभूत सुविधाओं से दूर है। इनके वार्ड में व्यूबलर पोल तो लग गए लेकिन उसमे अभी तक बल्ब नही लग पाए। जिससे आने जाने राहगीरों को अंधेरे से गुजरना पड़ रहा है। परिषद में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों दलों के पार्षदों को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। परिषद के द्वारा शुरू करवाए गए कई निर्माण कार्य अधूरे होकर बंद पड़े हे। लेकिन विधायक , अध्यक्ष से लेकर पार्षद सभी निरकुंश होकर जनता को ठेंगा दिखा रहे है।

पानी की समस्या को प्राथमिकता से चार दिनों में हल कर देंगे। शेष कार्य नियमानुसार शीघ्र करेंगे।

**डॉ बालाराम परिहार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुवासरा**

वार्ड की समस्या से सी एम ओ को अवगत करवा रखा है। आज वार्ड के कुछ लोग परिषद कार्यालय पहुंचे। इसकी जानकारी मुझे बाद में लगी। वे किसी और मामले को लेकर पहुंचे थे।

**श्यामुबाई मेहर, पार्षद और पूर्व परिषद अध्यक्ष सुवासरा**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

**सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत** For proposed Mini Steel Plant in area of 4.04 hact. (Billets-1,00,000 TPA, TMT Bars-90,000 TPA) at Survey No. 4 & 5, Village Galiyara Tehsil: Sitamau, Distt. Mandsaur (M.P.) By M/s ATS Alloys Pvt. Ltd. **के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर मंदसौर (2) कार्यालय जिला पंचायत, मंदसौर (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर (4) ग्राम पंचायत गलियारा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरोरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरोरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17. भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड** www.mppcb.nic.in **पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 26.07.2024 को समय प्रात: 11.00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम गलियारा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर** M/s ATS Alloys Pvt. LTD. **के स्थल परिसर के समीप आयोजित की जायेगी, जिसमें सभी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।**

**क्षेत्रीय अधिकारी, उज्जैन**




# शिक्षक बिना कारण 24 दिन से अनुपस्थित, संकुल प्राचार्य ने किया औचक निरीक्षण

**सेमलियाकाजी, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कुंचड़ोद संकुल केंद्र के ग्राम सेमलिया काजी में एक शिक्षक बिना कारण के ही लगातार अनुपस्थित पाए गए। संकुल प्राचार्य ने एकीकृत शासकीय स्कूल का ओचक निरीक्षण किया। जिसमें एक शिक्षक 1 जून से ही लगातार अनुपस्थित पाया गया। यहां का शिक्षक लापरवाही बरतते हुए। लगातार 24 दिन से अनुपस्थित है। यहां प्राथमिक में 30 तो माध्यमिक में 35 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। इनको पढ़ाने के लिए प्रधान अध्यापक सहित तीन शिक्षक हैं।

अगर इस तरह शिक्षक ही लापरवाह बने हुए हैं। तो ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ाई कैसे हो रही होगी। अधिकारियों को भी समय-समय पर स्कूल में जाकर ओचक निरीक्षण करना चाहिए। ताकि इस तरह शिक्षकों की लापरवाही सामने ना आए। और शिक्षा का स्तर भी सुधरे। जानकारी अनुसार दोपहर 12:00 पीएम श्री शाउमावि कुचड़ोद के संकुल प्राचार्य ने सेमलिया काजी मैं शासकीय स्कूल का ओचक निरीक्षण किया। जहां 1 जून से ही शिक्षक गोवर्धन सिंह वसुनिया अनुपस्थित पाए गए। प्रधान अध्यापक नंदराम सोलंकी ने बताया अनुपस्थित शिक्षक से अब तक संपर्क नहीं हो पाया। फोन लगाने पर फोन भी नहीं लग रहा। लोकसभा परिणाम के दिन फोन पर बात हुई थी। तब स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी दी थी। और बताया था कि मेरी ड्यूटी लगी हुई है। उसके बाद संपर्क नहीं हो पाया। संकुल प्राचार्य जी एस सूर्यवंशी ने बताया सेमलिया काजी में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का ओचक निरीक्षण किया। यहां पदस्थ शिक्षक गोवर्धन सिंह वसुनिया 1 जून से ही, 24 जून तक लगातार अनुपस्थित पाए गए। लापरवाही बरतने वाले शिक्षक की, उपस्थिति रजिस्टर में अनुपस्थिति लगा दी। जानकारी विकासखंड जिला शिक्षा अधिकारी को भेज दी है।

## कलेक्टर ने दो पटवारियों को निलंबित किया

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने पटवारी श्री शुभम जैन एवं पटवारी मुकेश शर्मा को तत्तकाल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

पटवारी श्री शुभम जैन और पटवारी श्री मुकेश शर्मा द्वारा ग्राम किशोरपुरा तहसील सुवासरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे न. 773 में से रकबा 0.98 हे. को प्रभुलाल बलाई निवासी किशोरपुरा तहसील सुवासरा निजी स्वत्व पर दर्ज कर दी गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पटवारी श्री शुभम जैन और पटवारी श्री मुकेश शर्मा ग्राम किशोरपुरा तहसील सुवासरा के द्वारा कार्य में गंभीर लापरवाही कर प्रतिवेदन दिया गया जिस कारण शासकीय भूमि निजी स्वत्व पर दर्ज कर दी गई। पटवारी श्री शुभम जैन और पटवारी श्री मुकेश शर्मा ग्राम किशोरपुरा तहसील सुवासरा को उक्त कृत्य के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम्बन की अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय (भूअभिलेख) मंदसौर रहेगा तथा उपस्थिति दिनांक से नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# प्रदेश के 40 प्रतिशत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई नि:शुल्क किताबें

**भोपाल, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के सरकारी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बीते 18 जून से शुरू हुआ है। स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों को किताबों का वितरण होना था, लेकिन राजधानी समेत प्रदेश भर के करीब 40 प्रतिशत स्कूलों में अभी किताबों का वितरण नहीं हो पाया है, जबकि मप्र पाठ्य पुस्तक निगम 99 फीसद किताबें जिलों में ब्लाक स्तर तक पहुंचा चुका है।

दरअसल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निश्शुल्क किताबें दी जाती हैं। इस बार नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत बीते एक अप्रैल से हुई है। सत्र की शुरुआत से ही बच्चों की पढ़ाई के लिए पाठ्यपुस्तक निगम ने जिला स्तर पर डिमांड के अनुसार किताबें भेज दी थी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पहली से 12वीं तक के लिए पाठ्यपुस्तक निगम जिलों में ब्लाक स्तर पर 99 फीसद विद्यार्थियों के लिए सभी विषयों की किताबें भेज चुका है, लेकिन जिले के कुछ स्कूलों में ही किताबें पहुंची हैं। बता दें, कि पहली से 12वीं तक में मप्र पाठ्यपुस्तक निगम हर साल सात करोड़ किताबें छपाई कराता है।अब राज्य शिक्षा केंद्र किताबों के वितरण का कार्य आनलाइन निगरानी कर रहा है।

**किताबें पहुंचाने की डीईओ-डीपीसी की जिम्मेदारी**-स्कूलों में जिला स्तर पर किताबें पहुंचाने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) व जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी)की होती है। इनके नीचे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) स्कूलों में किताबें पहुंचाने की निगरानी करते हैं, लेकिन भोपाल जिले में अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच पाई है। मोबाइल ट्रैकिंग एप से होती है निगरानी। ट्रैकिंग होने के बाद भी किताबों के वितरण कराने में अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं।

**इनका कहना**-जिले के स्कूलों से मोबाइल एप पर किताबों के वितरण करने की जानकारी और संख्या मांगी गई है। इसे जल्द ही अपडेट कराकर किताबें भेजी जाएगी।

**ओमप्रकाश शर्मा,जिला परियोजना समन्वयक**

## सभी विभाग कर्मचारियों के स्वत्वों का समय पर भुगतान करें-जैन



**नीमच, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी विभागों के अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों के समयमान-वेतनमान, वेतन एरियर, डीए एरियर एवं अर्जित अवकाश के प्रकरणों का तत्परतापूर्वक निराकरण कर, उन्हें नियमानुसार भुगतान समय पर करें। कर्मचारी कल्याण के प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सभी जिला अधिकारी विभागीय परामर्शदात्री समिति की निर्धारित समय पर बैठके आयोजित कर, कार्यवाही विवरण जारी करें तथा पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें। यह बात कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों, संघों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों से कहा कि हम सब विद्यार्थियों की शाला में नियमित रूप से उपस्थिति बढाने पर विशेष ध्यान दें। यदि विद्यार्थी नियमित रूप से शाला में आएंगे तो रिजल्ट भी सुधरेगा। उन्होने कहा कि जिले की विभिन्न शालाओ के भवनों के आवश्यकतानुसार मरम्मत के प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को भेजे गए है। कलेक्टर ने जिले के छात्रावासों में विद्यार्थियों के प्रवेश बढाने और जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रावासों में प्रवेश दिलाकर, सभी सीटे भरवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में म.प्र.शिक्षक संघ, म.प्र.लघु कर्मचारी संघ, म.प्र.शिक्षक कांग्रेस, म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ, म.प्र.अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ(अजाक्स), म.प्र.दैनिक वेतन भोगी, सफाई मजदूर विकास संघ, म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ सहित अन्य कर्मचारी संगठनों के उपस्थित पदाधिकारियों ने कर्मचारियो से संबंधित विभिन्न मांगों, समस्याओं एवं लंबित स्वत्वों के निराकरण के संबंध में सुझाव दिए और कलेक्टर को मांग पत्र भी सौंपे। कलेक्टर ने कर्मचारी संगठनों व्दारा दिए गए सुझावों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह सम्पन्न



**भानपुरा, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार 24 जून को गत माह अप्रेल एवं मई 2024 में शिक्षा विभाग में लगभग 26 वर्ष सेवा अवधि पूर्ण करने पर संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढाबलामाधौसिंह अन्तर्गत कार्यरत श्रीमती देउबाई राठोर एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय संधारा एवं मधुसुदन राठोर प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बावडीखेड़ा का डाक केन्द्र शासकीय एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय संधारा में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार चन्देल सरपंच चाँदमल पाटीदार, पूर्व वरिष्ठगणक आई एच पठान, गणक भरत मंडकरिया, वरिष्ठ शिक्षक एवं राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त हरिश नामदेव, संजय कुमार उपाध्य्याय, भीष्म कुमार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा एवं संकुल अन्तर्गत कार्यरत समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी चन्देल एवं हरिश नामदेव द्वारा दोनो शिक्षकों के सेवाकाल में उनके अनुशासन एवं आपके द्वारा दी गई उच्च शिक्षा की भूरी भूरी प्रशंसा की आयोजन के दोरान शिक्षकों को प्रदान प्रशस्ती पत्र का वाचन हेमन्त शर्मा एवं श्रीमती ईला चतुर्वेदी द्वारा किया गया। अन्त में सेवानिवृत शिक्षक मधुसुदन राठोर द्वारा शिक्षा विभाग में अपने अनुभव साझा किये पुरे सेवाकाल में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोशन बाबू लीलगर एवं आभार डाक केन्द्र प्रभारी अनिता अहीर द्वारा व्यक्त किया गया।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें-कलेक्टर



**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सुशासन भवन में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें। नदी, नालों, बावडी की निरंतर साफ-सफाई जारी रखें श्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं उनको चिन्हित करें। आम जनता के रुकने के लिए उच्च स्थान चिन्हित करें ताकि बाढ़ के समय उनको रुकवाया जा सके। सभी गौशाला में चरागाह लगाए। जो गोशाला बंद है उन्हें तुरंत चालू करवाए एवं गौशाला में जो अतिक्रमण है उन्हें हटाने की कार्रवाई करें। खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में रखें एवं सभी खाद की सहकारी दुकानों के बाहर पोस्टर पर रेट एवं स्टॉक जरूर लिखे। सभी शासकीय भवनों में रैंप हो एवं व्हीलचेयर भी उपलब्ध हो। ताकि किसी दिव्यांग को आने में कोई परेशानी ना हो। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।



## ओलंपिक डे पर हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि हॉकी टर्फ ग्राउंड पर हॉकी लीग का फाइनल मैच खेलकर ओलंपिक डे मनाया गया। हॉकी एसोसिएशन मंदसौर एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिनों से चल रही इंटर क्लब हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच ओलंपिक डे के अवसर पर आयोजित किया गया।लीग में सब जूनियर ग्रुप में कोपरगांवकर क्लब ने फीडर सेंटर क्लब को हराकर फाइनल मैच में जीत हासिल की वही जूनियर ग्रुप में खेलो इंडिया क्लब ने अमर क्लब को हराया। हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान पर आयोजित की गई इस हॉकी लीग में आठ अलग-अलग क्लब की टीमों ने भाग लिया था। सभी मैच लिग पद्धति पर आयोजित किए गए थे। ओलंपिक डे के अवसर पर खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलो के बारे में जानकारी देते हुए ओलंपिक खेलों की महत्वता के बारे में बताया गया। इस दौरान शासकीय महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री राजू कुमार, मंदसौर हॉकी के सचिव श्री अविनाश उपाध्याय, श्री जगदीश वसुनिया, सभी टीमों के कोच एवं खिलाडी उपस्थित थे।

## लेखा समाधान की बैठक 30 को

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि लेखा समाधान की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 30 जून को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत मंदसौर में आयोजित की गई है। व्यय लेखे को प्रस्तुत करने की अंतिम तारिख से पहले सभी अभ्यर्थियों/ निर्वाचन एजेंटो के लिए एक दिवसीय फेशिटिलेशन कार्यक्रम का 27 जून 2024 को जिला पंचायत के सभागृह मंदसौर में दोपहर 12 बजे आयोजन किया गया।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आज

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 25 जून को दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# कई जगह पर पहली बारिश बाद किसानों ने बोवनी की

**खजूरीआंजना, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के खजूरी आंजना सहित आसपास के क्षेत्रों में किसानों ने कहीं-कहीं जगह पर बोवनी की शुरूआत कर दी है गर्मी भरी उमस से जहां आमजन को राहत मिली है वहीं बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं वर्तमान में लगभग विगत दो वर्षों से सभी जगह पर एक सम्मान बारिश हो रही है वहीं शुरुआती मानसून की दस्तक भी हो चुकी है किसानों को अपनी सोयाबीन फसल खरीफ की बोवनी करने की शुरुआत भी कई कई जगह शुरू कर दी है फिलहाल कई किसानों का कहना कि लगभग सोमवार दोपहर तक बोवनी लायक कम पानी था उसके बाद भी कहीं किसान ने शुरुआत में बोवनी भी कर रहे हैं कुछ किसानों को उम्मीद है कि बोवनी कि शुरुआत किसानों को उम्मीद है कि अब बारिश होने वाली है जिन किसानों ने सुबह बोवनी कर दी उसके शाम करीब 6 बजे से तेज़ बारिश शुरू हो गयी है उन किसानों के चेहरे खिल उठे हैं फिलहाल तो खजुरी आंजना सहित आसपास के क्षेत्र में लगभग 90% किसान अभी



बोवनी के इंतजार में बैठे हैं उनका कहना है कि सोमवार शाम 5 बजे तक तक बोवनी लायक पानी नहीं गिरा है तो अभी हम बोवनी नहीं करेंगे अगर एक बार और तेज बारिश होगी तो उसके बाद ही करेंगे सोमवार शाम को करीब 6 बजे से पानी शुरुआत हुई करिब 40 मिनट तक लगातार बारिश हुई जिससे सोमवार शाम करीब चालीस मिनट की तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं दरअसल आपको बता दे की किसानों से चर्चा में बताया कि आज शाम को एक बार और अच्छी बारिश हुई जिससे किसान अब आज से सभी किसान बोवनी की शुरुआत कर देंगे और किसानों को इस बार अच्छी बारिश की उम्मीद है।

## भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान आज

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा आपातकाल स्मृति दिवस (26 जून) के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) एवं लोकतंत्र प्रहरी परिवारों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के जिला प्रभारी पारस मावर, देवेन्द्र मरच्या एंव पुलकित पटवा ने जानकारी देते हुए बताया की 26 जून आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर 25 जून को भाजपा कार्यालय मंदसौर पर लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियो) का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सोनू गहलोत, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया एवं विशिष्टअतिथि के रूप में जिला लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष हंसराज कबाड़ी उपस्थित रहेंगे। सभी सम्माननीय लोकतंत्र सेनानी संघ के सदस्य एवं लोकतंत्र प्रहरी संघ के सदस्य परिवारजन एवं सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जन प्रतिनिधिगण ,पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, एवं ज्येष्ठश्रेष्ठकार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं नगर मंडल मंदसौर एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।



## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 59 वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**पिपलियामंडी, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी का 59 वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिव संगम भवन पिपलिया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके लता दीदी ने कहा उनका जीवन एक आदर्श है, उन्होंने सदा परमपिता परमात्मा शिव बाबा के बताए मार्ग पर चलने में ही कल्याण है, इस मंत्र को जीवन में उतारा। उन्होंने संपूर्ण मानवता के लिए शुभ भावनाए सदा रखी, सबको समान भाव से मातृत्व की पालना दी। हर कोई जो उनसे मिलता था वो उनमें मां जगदम्बा सरस्वती का रूप देखता था। उनके विरोधी भी उनसे स्नेह पाने को आतुर रहते थे। कई ब्रह्मा वत्स व भाई बहनों ने उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर अपने को इस ईश्वरीय मार्ग पर समर्पित कर दिया। अपने अंतिम समय में कैंसर जैसी भयंकर बीमारी से जूझते हुए भी उनके आभामंडल में एक अलग ही चमक थी। ऐसी मां को उनके स्मृति दिवस पर हम सभी शत शत नमन करते हैं। सुबह 4 बजे से ही ध्यान योग के कार्यक्रम शुरू हुए, प्रात: कालीन सत्संग प्रवचन के बाद शिव बाबा व मातेश्वरी जी को भोग लगाया। तत्पश्चात सभी भाई बहनों को महाप्रसादी वितरण की गई। उक्त कार्यक्रम में नगर सहित अन्य कई स्थानों बूढ़ा, कनघट्टी, खत्याखेडी, सेमली से भाई बहन उपस्थित रहे। आभार बीके निर्मला बहन ने माना।

## डीएलसीसी की तिमाही बैठक कल

**मंदसौर, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में डीएलसीसी की तीमाही बैठक 26 जून को आयोजित होगी। बैठक शाम 5 बजे आयोजित होगी।

## गुप्त नवरात्रि 6 से, दस दिनों...

पेज 1 से जारी

पर रहकर साधना करेंगे। शहर में कई संतों द्वारा चातुर्मास में साधना की जाएगी। इस बार पर्व-त्योहारों की तिथियों में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। देवशयनी एकादशी 17 जुलाई से चातुर्मास की शुरुआत होगी। चातुर्मास का समापन 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर होगा। इस बार चातुर्मास 118 दिन का रहेगा, जबकि पिछले साल चातुर्मास 148 दिन का रहा था। यह दुर्लभ संयोग 31 साल बाद देखने को मिला था।

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू                    मंदसौर, दिनांक 24.06.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एमजे 9357 जो कि कार्यालय में मदन मेड़ा पिता मीठिया मेड़ा निवासी खेड़ाफलिया समोई जिला झाबुआ के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती रसु मेड़ा पति मदन मेड़ा निवासी खेड़ाफलिया समोई जिला झाबुआ ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 21.06.2024

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शंकरलाल चौहानपिता भगवानसिंहजी जाति गुर्जर निवासी ग्राम गोंदीधर्मसी तहसील जावरा, जिला रतलाम के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान जो कि ग्राम गोंदीधर्मसी प.ह.नं. 14 तहसील जावरा जिला रतलाम में स्थित होकर ग्राम पंचायत गोंदीधर्मसी के सम्पत्तिकर पंजी में पंजी क्रमांक-265 पर दर्ज है। जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी 319532024 ए 1732265 दिनांक 11.06.2024 से संगीताबाई चौहान पति शंकरलालजी चौहान जाति गुर्जर निवासी ग्राम गोंदीधर्मसी तहसील जावरा, जिला रतलाम को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तुसीमा निम्नवत है- पूर्व में-शंकरसिंह बालारामजी का प्लांट, पश्चिम में-भंवरसिंह का मकान, उत्तर में-कंवर लालजी धनगर का मकान, दक्षिण में-आम रास्ता, पैमाईश- पूर्व से पश्चिम-15 फीट तथा उत्तर से दक्षिण-50 फीट है। कुल क्षेत्रफल-750 वर्गफीट व 69.67 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर शंकरलाल चौहान पिता भगवानसिंहजी जाति गुर्जर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

# कन्या हायर सेकेंडरी भानपुरा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पौधारोपण किया

**भानपुरा, 24 जून गुरु एक्सप्रेस।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण को बढ़ाए जाने एवं पेड़-पौधे लगाए जाने की महत्वपूर्ण योजना एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत सोमवार 24 जून को स्थानीय कन्या हाई सेकेंडरी विद्यालय परिसर में नीम, सागवान, जामुन, कचनार आदि प्रजातियों के पेड़ लगाकर उपस्थित जनों को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड़ लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक गरोठ भानपुरा चंदरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, जनपद अध्यक्ष विजय पाटीदार,नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष भैसोदा सौदानसिंह गुर्जर महामंत्री प्रहलाद सिंह हाड़ा व प्रवेश पिंटू पनिहार, सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह चौहान मंचासिन थे।



अपने संबोधन में विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने कहा कि म.प्र.सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम महती योजना को प्रमुख रूप से लागू किया है देश में पेडों की अत्यंत जरूरत को देखते हुए प्रधानमंत्री ने उज्वला योजना के माध्यम से जरूरतमंदों को गैस प्रदान कर पेडों की कटाई बंद की। श्री सिसोदिया कहा कि भारत माता एवं जन्म देने वाली माता को हम हमारे जन्मदिन एवं अन्य शुभ अवसरों पर पेड लगाकर पर्यावरण को अधिक से अधिक सुरक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने कहा कि हमारे देश का इतिहास गौरवशाली रहा है हमारी संस्कृति में पेडों की पूजा का प्रावधान है जिस भी अधिक से अधिक पेड लगाया जा सकते हैं सीधा करने कहा कि धरती पर लगातार तापमान बढ़ रहा है जल के लिए युद्ध संभावित है ऐसी स्थिति में यदि अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे तो पर्यावरण बेहतर होगा आपने कहा कि केवल पेड लगाना ही पर्याप्त नहीं है उसे बाद भी करना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की वंदना गीत को शिक्षक वीरेंद्र लोहार ने गाया। अथितियों का स्वागत पुष्प मालाओं व पुष्प गुच्छों से किया गया,स्वागत भाषण शिक्षिका श्रीमती ज्योति जोशी ने दिया , आभार प्राचार्य गुलाम मोहम्मद शेख ने माना एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भानु प्रताप सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक भाजपा नेता, कार्यकर्ता, सरपंच, नगर परिषद पार्षद, विद्यालय परिवार के शिक्षक- शिक्षिकायें, छात्राएं, पत्रकार व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in